Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examrtuconduct@gmail.com

No. F-(23)/EXAM-CONDUCT/2019/5.216/ 14990-96 Dated: 21/12/19

परिपत्र-II
(सानुग्रह / मर्सी अवसर परीक्षा 2019–20 के परीक्षा फॉर्म भरने के सम्बन्ध में)

विश्वविद्यालय के F-(23)/RTU-EXAM CONDUCT/2017-18/5.222/13498-513 व 13514-529 दिनांक 22.11.2019, तथा 13816–23 दिनांक 02.12.2019 के माध्यम से बी. टेक. –2006 से 2011, बी. टेक. लीप–2007 से 2012, बी.एच.एम.सी.टी.–2006 से 2011, बी. आर्क. –2006 से 2009 एम.सी.ए.–2006 से 2013, एम.बी.ए.–2006 से 2015 एवं बी.बी.ए.–2013 के पाठ्यक्रमों व सत्रों में नामांकित विद्यार्थी जो निर्धारित समय सीमा में बकाया पेपर के कारण अपनी डिग्री पूर्ण नहीं कर पाये हैं, उन्हें विश्वविद्यालय द्वारा एक अन्तिम सानुग्रह अवसर (Mercy Chance) प्रदान किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में प्राचार्य / निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में समय–समय पर सूचित किया जाता रहा है कि उनके महाविद्यालय में उक्त पाठ्क्रमों एवं सत्रों में प्रवेशित / नामांकित विद्यार्थी जो निर्धारित समय सीमा में बकाया पेपर के कारण अपनी डिग्री पूर्ण नहीं कर पाये हैं की पूर्ण सूचना निर्धारित प्रपत्र में एकत्र कर सभी सम्बन्धित विद्यार्थियों को यथासंभव माध्यमों से सूचित करें। साथ ही उनके बकाया पेपरों के ऑन–लाईन परीक्षा फॉर्म नियत समय में भरना सुनिश्चित करें। एकत्र की गयी सूचना का संधारण महाविद्यालय स्तर पर किया जाना है। विश्वविद्यालय द्वारा संकलित सूचना को ऑन–लाइन प्राप्त करने के विकल्प पर विचार किया जा रहा है। यद्यपि सम्बन्धित छात्रों को सूचित करने व उसका रिकार्ड संधारित करने का सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित महाविद्यालय का रहेगा।

इस सानुग्रह अवसर परीक्षाओं (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्धति) के परीक्षा फार्म दिनांक **20.12.2019** से **20.01.2020** तक ऑन–लाइन भरवाये जा रहे है। सम्बन्धित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय में नियत तिथि तक निर्धारित परीक्षा शुल्क जमा करवाकर ऑन–लाइन परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें। परीक्षा फार्म भरने से पूर्व अपने समस्त बकाया पेपर की सूचना सुनिश्चित कर लें। जिन छात्रों के मिडटर्म / सत्रांक के पूर्व प्राप्तांक कम है, वे उन विषयों के End Term विषय के साथ में इम्प्रूवमेन्ट परीक्षा का आवेदन भरकर उसकी परीक्षा देवें। मिडटर्म / प्रायोगिक परीक्षा के लिये सम्बन्धित महाविद्यालय से सम्पर्क करें।

राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय से सम्बद्ध B. Tech, B. Arch, BHMCT, BBA, M. Tech, MBA व MCA पाठ्यक्रमों के वे महाविद्यालय जो गत वर्षों में पूर्ण रूप से बन्द हो चुके हैं व उनमें वर्तमान में विश्वविद्यालय से सम्बद्ध कोई पाठ्यक्रम संचालित नहीं हैं ऐसे महाविद्यालयों में नामांकित विद्यार्थियों को सूचित किया जाता हैं कि वे अपनी सम्बन्धित परीक्षा (विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्वति परीक्षा 2019–20) का ऑन–लाइन परीक्षा फार्म निम्न नोडल केन्द्रों पर भरें–

स्वच्छ भारत
एक कदम स्वच्छता की ओर

Rajasthan Technical University, Kota
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा
Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- examrtuconduct@gmail.com

क्र.स.	महाविद्यालय/नोडल केन्द्र का नाम	पाठयक्रम/परीक्षा
1.	अपेक्स इन्स्टीट्यूट ऑफ मेनेजमेन्ट एण्ड साइंस, वी.टी. रोड़, मानसरोवर, जयपुर	MBA, BBA, BHMCT & MCA
2.	महर्षि अरविन्द इन्स्टीट्यूट ऑफ इन्जिनियरिंग एण्ड टेक्नोलॉजी, सेक्टर 7, मध्यम मार्ग, मानसरोवर, जयपुर	B. Tech, M.Tech. & B. Arch.
3.	कार्यालय, परीक्षा नियंत्रक, राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा (आर्फ–लाइन)	All Courses

सम्बधित परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय पर उपस्थित होकर व बन्द हो चुके महाविद्यालयों की दशा में उक्त नोडल केन्द्रो पर नियत तिथि के भीतर तक कार्यालय समय के दौरान अपना परीक्षा फार्म भरना सुनिश्चित करें।

इस सानुग्रह अवसर की विषम एवं सम सेमेस्टरों तथा वार्षिक पद्वति की सैद्धान्तिक परीक्षाओं के आयोजन का कार्यक्रम व परीक्षा केन्द्रों की सूचना विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rtu.ac.in पर यथा समय अपलोड कर दी जावेगी। अधिक जानकारी के लिए परीक्षार्थी अपने महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.rtu.ac.in के सतत् सम्पर्क मे रहें।

(प्रो.ए.के.द्विवेदी)
परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि– सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रस्तुत है:–

1. निजी सचिव, माननीय कुलपति महोदय
2. डीन, फेकल्टी अफेयर्स, आरटीयू
3. निदेशक/प्राचार्य, समस्त सम्बद्व महाविद्यालय
4. उप कुलसचिव (परीक्षा)
5. वेब मास्टर, आरटीयू
6. डाटा प्रोसेसिंग एजेन्सी, आरटीयू
7. हेल्प–लाइन, आरटीयू

(सत्यपाल यादव)
सहायक कुलसचिव (परीक्षा)